# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com | आष्टा • भैरुंदा • बुधनी • बैरछा • शुजालपुर • सोनकच्छ • कालापीपल • हाटपीपल्या • खातेगांव | सीहोर, 01 मई 2026


## न्यूज कार्नर

### प्रकोष्ठ ने किया सीहोर जिलाध्यक्ष नियुक्त

**सीहोर।** सर्व विश्वकर्मा समाज कल्याण कांग्रेस प्रकोष्ठ प्रदेश समन्वयक अध्यक्ष रमेश चंद्र विश्वकर्मा ने जिले के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता विकास विश्वकर्मा को प्रकोष्ठ का सीहोर जिलाध्यक्ष एवं प्रेम नारायण विश्वकर्मा को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। सर्व विश्वकर्मा समाज के कल्याण के लिए यहां गौरवपूर्ण नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस प्रकोष्ठ नई दिल्ली के प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रभारी प्रदेश महामंत्री संजय कामले की सहमति और सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अनुशंसा पर की गई है। प्रकोष्ठ के नव नियुक्त पदाधिकारियो ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और जल्दी ही जिला कार्यकारिणी घोषित करने और सर्व विश्वकर्मा समाज हित में काम करने का संकल्प लिया।

### तीन फुटबाल खिलाड़ी चयनित

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर इन दिनों निशुल्क रूप से फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कभी इन शिविरों में कठिन अभ्यास करने वाले सीनियर खिलाड़ी रोहित, जयेश शर्मा और पीयूष का चयन नेशनल टीम में हुआ है। रोहित मालवी, जयेश शर्मा, पीयूष मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ियों में चयनित हुए है और अब मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम के लिए नेशनल में भाग लेने जा रही टीम छत्तीसगढ़ नारायणपुर में आयोजित तीन मई से नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लगातार 15 दिन से इंदौर में आयोजित शिविर में कोच द्वारा इन तीनों खिलाड़ियों का चयन हुआ। विधायक सुदेश राय, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाडा, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, रमेश सक्सेना, जसपाल अरोरा, सन्नी महाजन, जितेन्द्र तिवारी, आनंद उपाध्याय अरुण राठौर मनोज अहिरवार मधुर विजयवर्गीय, कमलेश अग्रवाल जिला खेल अधिकारी अत्ताउल्लाह खान, मिंटू अग्रवाल, रुबी धीवान, सुरेश कनौजिया आदि।

### बाल विहार मैदान का भी होगा कायाकल्प बनेगा हॉकी का मैदान

**सीहोर।** हॉकी के खिलाड़ी एवं सुप्रसिद्ध कोच स्वर्गीय दादा भाई शिवलाल सिंह चौहान जिन्होंने अपने जीवन काल के 70 वर्ष निस्वार्थ रूप से हॉकी जो हमारा राष्ट्रीय खेल है, उसको समर्पित किया। अपने कोच के रहते इन्होंने कहीं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सिद्धपुर की धरा से इस बाल विहार के मैदान से निकले खेल प्रमोटर प्रदीप चावड़ा ने बताया कि दादा भाई शिवलाल सिंह चौहान एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे, जो इस धरा पर करोड़ों में एक पैदा होते है और अपने पीछे असीम यादों को छोड़ जाते हैं। दादा भाई का समर्पण भाव देखते ही बनता था दोपहर 3 बजे वह ग्राउंड पहुंच जाया करते थे एक टूटी हुई साइकिल के रूप में उनके पास वाहन था, उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही थी, उनकी सायकल पर 10-12 हॉकियां रखी रहती थी, जो कि सायकल के करियर में टूट जाया करती थी, तो उन्हें खुद के पैसे से जोड़कर घर से लाया करते थे।

#### सीहोर में गौवंश के अवशेषों पर उबाल, तेज होने लगा सियासी घमासान

# हिंदू भावना से खिलवाड़ करने वाली फैक्ट्री पर बुलडोजर चले : वर्मा

**जागरण, सीहोर।** जिले मे ग्राम कांकडखेडा में स्थित अल्फा प्रोटीन फेक्ट्री में गौ चमड़े से भरे ट्रक के पकड़े जाने के बाद इलाके में जन अक्रोश का माहौल है। बजरंगदल द्वारा पकड़े जाने और ड्रायवर के कबूल नामे के बाद यह मामला अब पूरी तरीके से गंभीर होकर राजनैतिक रंग भी ले चुका है विशेष रूप से यह फेक्ट्री प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के निर्वाचन क्षेत्र मे स्थित है जिससे सत्ता धारी दल भाजपा सीधे सवालों के घेरे में आ गई है।



### कड़ी कार्रवाई की जाए

गुरुवार को सीहोर पहुंचे कांग्रेस के प्रादेशिक नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इस घटना को लेकर जागरण से चर्चा करते हुए कहा है कि भाजपा की कथनी और करणी में भाजपा की धर्म परायणता और गौ सेवा का मुखौटा अब ग्राम कांकडखेड़ा की गलियों में उतर गया है। दूसरी तरफ उनके ही मंत्री के रसंरक्षण में गौ चमड़े का काला कारोबार फल फूल रहा है। क्या यही भाजपा का राम राज्य है जो गौ माता के अवशेषों से भरी गाड़ियां खुले आम घूम रही हैं। सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि मप्र के राजस्व मंत्री क क्षेत्र में इतनी बड़ी अवैध गतिविधि बिना मिली भगत के संभव नहीं है राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को तुरंत स्तीफा देना चाहिए। हिन्दू भावनाओं से खिलवाड़ करने वाली इस फेक्ट्री पर बुलडोजर क्यों नहीं चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने उन्हें बताया है कि यह कारखाना पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए खतरा है क्योंकि फेक्ट्री का दूषित पानी न केवल जल स्त्रोतों को जहर बना रहा है बल्कि लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। यह प्रशासन की लापरवाही है इन दिनों ग्रामीण जनता में भारी आक्रोश है और वह बदबू और प्रदूषित पानी से त्रसत हो चुके हैं।

### कार्रवाई में देरी क्यों

उनको गामीणों ने बताया है अल्फा प्रोटीन फेक्ट्री न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है बल्कि स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुकी है। फेक्ट्री के केमिकल युक्त पानी से आसपास के कुओं और हैंडपम्पों का पानी पीने लायक नहीं बचा हे। चमड़े और अवशेषों की बदबू के कारण आसपास के गांवों में सांस लेना मुश्किल हो चुका है। गौवंश के अवशेष मिलने से पूरे क्षेत्र में हिन्दू समाज में गहरा आक्रोश है। सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि इंदौर की भागिरथपुरा की घटना सबको पता है कि किस प्रकार भाजपा सरकार गंदा पानी पिलाकर बड़ी संख्या में वहां के लोगों को मार डाला और अब कांकड़खेड़ा में फेक्ट्री का गंदा पानी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

### फैक्ट्री को बंद करने की मांग

उल्लेखनीय है कि मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। एक ओर जहां बजरगदल सहित लगभग सभी हिन्दू संगठन फेक्ट्री को बंद कर और दोषियों पर एनएसए लगाने की मांग कर रहे है वहीं कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सड़क से लेकर प्रदेश स्तर तक घेरने की तैयारी में है। कुल मिलाकर क्या राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा अपने क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कृत्य पर चुप्पी तोड़ेगें या फिर प्रशासन लीपा पोती कर मामले को दबाने का प्रयास करेगा। सीहोर की जनता इस समय जवाब मांग रही है। लेकिन प्रशासन ने अब तक कुछ नहीं कहा है।

## जहां पर भी रोका वहीं धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे किसान



**जागरण, सीहोर।** प्रदेश सरकार की वादा खिलाफी से नाराज राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ अब 4 मई को राजधानी भोपाल पहुंचकर उग्र प्रदर्शन करने जा रहा है। मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए प्रदेश व्यापी अभियान के तहत जिले से हजारों किसान राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिलाध्यक्ष कचरू परमार के नेतृत्व में ट्रैक्टर ट्रालियों में आटा दाल कंडे ओढने,बिछाने के कपड़े झंडे,डंडे भरकर फंदा टोल टैक्स पर एकात्रित होकर रवाना होंगे। ट्रैक्टर रैली का बड़ा काफिला किसानों की ताकत का बड़ा संदेश देगा। किसानों के काफिले को जहां पर भी पुलिस के द्वारा रोका गया वही पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा।

प्रदेश व्यापी भोपाल कुंच ज्ञापन विशाल वाहन रैली की तैयारियों और महासंघ की सोलह सूत्रीय मांगो को लेकर गुरूवार को कृषि उपज मंडी सभागार में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्का के निर्देश पर उपास्थित जिला पदाधिकारियों को राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष त्रिलोक कोठी एवं प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल ने महासंघ के द्वारा की जा रही विभिन्न किसान हितैशी मांगों और आगामी अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उन्होने कहा कि खेती किसानी के व्यस्ततम समय में हमारे साथ सरकार द्वारा षड्यंत्र रचा गया है हमारी फसल एवं नसल को बचाने के लिए अपने हक अधिकारों के लिए राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की मध्य प्रदेश इकाई के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार से संवाद से समधान हेतु भोपाल कुंच करेंगे और आवश्यक होने पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जावेगा।

### मंदिर में उत्साह के साथ मनाई गई नृसिंह जयंती

**सीहोर।** शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ भगवान नृसिंह जयंती का आयोजन किया गया। वहीं सुबह भगवान नृसिंह की पूजन, हवन और पूर्णाहुति के पश्चात दोपहर दो बजे महा आरती का आयोजन किया गया था। जिसमें महाराज के मार्गदर्शन में संत माधव दास महाराज, मुख्य यजमान नमिता अखिलेश राय,सहित बड़ी संख्या में यजमानों ने वैदिक मंत्रों से आहुतियां दी।

## आज मनाया जाएगा टेकचंद महाराज का जन्मोत्सव

**जागरण, सीहोर।** श्री दमोदर तरूण फैंस क्लब दर्जी मसाज सीहोर के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्री 1008 गुरू टेकचंद जी महाराज का 278 वां भव्य जन्मोत्सव आज 01 मई 2026, शुक्रवार को सभी स्वजातीय बंधुओं के सहयोग से मनाया जा रहा। श्री दामोदर तरूण फैंस क्लब अध्यक्ष अंकुश महेश्वरी एवं कार्यक्रम प्रभारी अशोक पड़िहार (चाचा) ने बताया सभी स्वजातीय बंधुओं, माता-बहनों से आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर सामाजिक एकता का परिचय दें एवं आस-पास रहने वाले स्वजातीय बंधुओ को भी साथ लेकर आयें। आज दिनांक 01 मई 2026, शुक्रवार को श्री गुरू टेकचंद जी महाराज की शोभा यात्रा

शाम 5.00 बजे से स्थानीय जगदीश मंदिर चौराहा गांधी रोड़ से कोतवाली चौराहा होते हुए स्वर्णकार मांगलिक भवन पोस्ट ऑफिस के पास, बस स्टेण्ड रोड़, सीहोर में सांय 7:30 बजे श्री गुरूटेकचंद जी महाराज की महा आरती के साथ समापन होगा। उक्त आयोजन में शामिल होने की अपील करने वालों में प्रमुख रूप से मुख्य संरक्षक श्यामदयाल मेहता दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज सीहोर, मनोज मकवाना अध्यक्ष दामोदर तरुण संघ सीहोर, अध्यक्ष रुकमणि महिला मण्डल अनिता गोयल, दामोदर तरुण फैंस क्लब संरक्षक मण्डल के अशीष गेहलोत (पार्षद), दीपक महेश्वरी, गिरिश मेहता जितेन्द्र महेश्वरी (खेरी), अखलेश सोलंकी, अनिल सोलंकी हरिश परमार, अमित महेश्वरी, आनन्द महेश्वरी, रवि महेश्वरी, उमेश चावड़ा प्रभात महेश्वरी, संतोष सेमल्या राठौर, शिवम पड़िहार, ऋषि सोलंकी, अध्यक्ष अंकुश महेश्वरी, कार्यक्रम प्रभारी अशोक पड़िहार (चाचा), उपाध्यक्ष उपेश महेश्वरी, निलेश महेश्वरी, राहुल राठौर, सचिव जतीन मकरैया, रोहित सोलंकी, सचिन महेश्वरी, संयोजक चेतन डाबी, मयंक पड़िहार, राहुल परमार, सह संयोजक नितिन राठौर, अखिलेश महेश्वरी, रूपेश महेश्वरी, उत्सव मंत्री भूपेन्द्र महेश्वरी, अजय महेश्वरी (शुजालपुर), कोषाध्यक्ष विनीत गोयल, देवेश सिसोदिया, नवीन सोलंकी, सह सचिव पवन राठौर, अरूण चावड़ा, लोकेन्द्र आर्य, मीडिया प्रभारी दीपेश महेश्वरी, धर्मेन्द्र महेश्वरी सहित कार्यकारिणी के सदस्यगण शामिल हैं।

### *बैठक के दौरान जागरुकता सत्र आयोजित*

***सीहोर।*** *कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय से आए उमंग परामर्शदाता ममतेश राठौर ने अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए अभिभावकों एवं छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान ममतेश राठौर ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किशोरावस्था में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन के बारे में जागरूक किया। साथ ही नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए सभी को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। किशोरियों को व्यक्तिगत रूप से परामर्श भी प्रदान किया गया।*

## 91 लाख की लागत से किया जाएगा शहर की सड़कों का डामरीकरण



**जागरण, सीहोर।** कायाकल्प योजना के अंतर्गत शहर के छावनी स्थित प्रमुख मार्केट क्षेत्र में 91 लाख रुपये की लागत से सड़कों के डामरीकरण कार्य का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा तहसील चौराहे पर डामर मशीन का पूजन कर कार्य की शुरुआत की गई। यह डामरीकरण कार्य तहसील चौराहे से प्रारंभ होकर कोतवाली चौराहे तक किया जाएगा, जिससे लंबे समय से जर्जर सड़कों की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी। इससे पूर्व भी कायाकल्प योजना के अंतर्गत शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों जैसे बड़े बाजार, गांधी रोड, सराफा बाजार एवं खजांची लाइन में सड़कों का डामरीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है, जिसका लाभ आमजन एवं व्यापारियों को मिल रहा है। नई सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि शहर की सुंदरता और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था को भी मजबूती मिली है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कायाकल्प योजना के माध्यम से सड़कों का सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी शहर के अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी जाएगी, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और शहर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता सन्नी महाजन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल अरोरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### सज्जन सिंह वर्मा ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**सीहोर।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता अक्षत कास्ट के पिता श्री घनश्याम दास कास्ट के निधन पर प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा सीहोर मे श्रद्धांजलि देने निज निवास पर पहुंचे श्री वर्मा ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुरेश साबू वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप समाधिया विवेक राठौर आशीष गहलोत अजय अग्रवाल राजेंद्र शर्मा मनीष मेवाड़ा अनिल राय आदि उपस्थित थे।

### महाराणा प्रताप ने घास की रोटी खाकर धर्म बचाया, तुम घास खिला कर गाय बचा लोः पं. मोहितराम



**सीहोर।** भारत के वीर योद्धाओं ने घास की रोटी खाकर सनातन धर्म को बचाया था राष्ट्र को बचाया था। आज रामकृष्ण महाराणा प्रताप शिवाजी के देश में हम घास खिलाकर गाय को तो बचा हीं सकते हैं,। उक्त उद्गार ग्राम बड़ी कुलास वर्मा कृषि फार्म सीहोर पर धर्म रक्षक मंदिर जीणोद्धारक संत पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा जी के सानिध्य में चल रही शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री नर्मदेश्वर शिव महापुराण पुराण के छष्ठम दिवस कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर वालों ने व्यक्त किए आज छष्ठम दिवस की श्री शिव महापुराण कथा में आगे वर्णन करते हुए कहा, जिस प्रकार भगवान शिव ने स्वयं अपराध करने पर हठ करने पर अपने पुत्र गणेश का सिर काट दिया, तनिक भी विचार नहीं किया इस प्रकार हम सबको भी धर्म की स्थापना करनी चाहिए, जीवन में संकट विपदा दुख सुख सब आएंगे किंतु हमें भगवान गणेश से सीखना चाहिए सर काटने के बाद भी शिव परिवार घबराया नहीं शिव की शरण में गए पुन-जीवनदान मिला एवं प्रथम पूज्य कहलाए आज सभी पूजन से पहले भगवान गणेश की पूजन होती है चिंता हरण कहा जाता है मंगल कर्ता कहा जाता है विघ्नहर्ता कहते हैं। भगवान गणेश की कृपा से आज संसार के विघ्न दूर हो जाते हैं।


#### संतों के वचन समाज में आध्यात्मिकता और मानवता की विचारधारा को स्थापित करने में सहायक होते हैं: पं. प्रदीप मिश्रा

# कुबेरेश्वरधाम धाम पर संतों का संगम, नियमित रूप से हो रहा भंडारा

**जागरण, सीहोर।** संतों के वचन समाज में आध्यात्मिकता और मानवता की विचारधारा को स्थापित करने में सहायक होते हैं। उनके विचार लोगों को आत्म-साक्षात्कार और आत्म-विकास की दिशा में प्रेरित करते हैं। संतों के वचन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को ब?ावा दिया जाता है। उनके विचार समाज के विभिन्न पहलुओं के बीच सामंजस्य और सहयोग को ब?ावा देते हैं। उक्त विचार जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर गुरुवार को आयोजित संत समागम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।

इस मौके पर नृसिंह मंदिर के संत माधवदास महाराज ने कहाकि कुबेरेश्वरधाम करो?ं श्रद्धालुओं के आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है। यहां पर प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात मुरली मनोहर मंदिर में चारों युगों के दर्शन एक साथ करने का सौभाग्य अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के माध्यम से हो रहा है। उन्होंने कहाकि संत बैरागी होता है और संतों ने समाज को जो संदेश दिया वह सदा अमर रहेगा, आने वाली पीढ़ी को भी संतों के संदेशों का अनुसरण करके आगे बड़ना चाहिए। संत कबीरदास जी ने जो संदेश मानवता के लिए दिया उस संदेश से मनुष्य के





जीवन में आत्म-विश्वास और नई उर्जा का संचार होता है, मनुष्य के अंदर छिपे कई दोषों का नाश होता है।

गुरुवार को देश के अनेक संतों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कुबेरेश्वरधाम स्थित मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-सीता और भगवान श्रीकृष्ण-राधा की मनमोहक प्रतिमाओं के दर्शन किए। इस मौके पर भोपाल से कुबेरेश्वरधाम पर आए महंत तारादेवी मंदिर के महंत देवगिरी, प्राचीन सिद्धपीठ के संत माधव दास महाराज, संत गंगाराम दास महाराज सहित अन्य पहुंचे थे। इनका विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा ने सम्मान किया। सुबह मंदिर में प्रसादी के रूप में रोटी-सब्जी, नमकीन के अलावा पांच क्विंटल नुक्ती और आठ क्विंटल खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि लगातार पांच दिनों के प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन सादगी से कुबेरेश्वरधाम स्थित मुरली मनोहर मंदिर में किया गया था अब यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में दर्शन का समय निर्धारित किया गया है। सुबह छह बजे से 12 बजे और शाम को चार बजे से नौ बजे तक श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए मंदिर के पट खोले मिलेंगे।

### इंदौर रीजनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन, वंशिका वर्मा का नेशनल के लिए चयन

**सीहोर।** सीहोर जिले की प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी वंशिका वर्मा ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से आयोजित इंदौर रीजनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। यह उपलब्धि वंशिका की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी इस सफलता ने न केवल जिले का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है।

## न्यूज कार्नर

### अतिक्रमण हटाकर सुचारू कराया मार्ग

**जागरण, नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत के निराकरण हेतु समय-सीमा निर्धारित की गई है तथा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि तय समय-सीमा में प्रत्येक शिकायत का निराकरण एवं जवाब दर्ज करना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनसुनवाई के दौरान सोहागपुर निवासी शिकायतकर्ता भगवान दास डोंगरे द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई कि गौतम वार्ड, सोहागपुर में कुछ व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है। शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए गत दिवस राजस्व विभाग एवं नपा की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया गया। टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया एवं अवरुद्ध मार्ग को पुनः सुचारु कराया।

### नेहरू पार्क में विशेष योग कार्यक्रम कल

**जागरण, नर्मदापुरम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के काउंटडाउन के तहत नर्मदापुरम में 2 मई को विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष विभाग द्वारा यह आयोजन प्रातः 6:30 बजे नेहरू पार्क में किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एसआर करोंजिया के निर्देशानुसार कार्यक्रम का मार्गदर्शन नोडल अधिकारी डॉ. नीरज यादव, डॉ. अशोक पुष्कर, डॉ. सविता पुष्कर एवं डॉ. संदीप रघुवंशी करेंगे। कार्यक्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रशिक्षक कमलेश गौर एवं अन्य योग सहायकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

**बेचना है**
- पुराना ट्रैक्टर (1995 मॉडल) एस्कॉर्ट कंपनी
- ट्रॉली
- बोनी व बखरनी की मशीन

स्थान : बुधनी घाट, बुधनी, जिला सीहोर (मध्य प्रदेश)
संपर्क करें : 9827295351
01 से 16 may

**जमीन व प्लाट बेचना है**
वायपास से लगी हुई 1 एकड़ जमीन व नई मंडी रोड़ पर सभी साईज में प्लाट बेचना है।
नोट:-सिंचित 22 एकड़ जमीन खोट देना है।
संपर्क करे।
मो.8085401598
9982163335
11 to 10 April

**आवश्यकता है**
कंप्यूटर वर्क के लिए टेली सहित अन्य काम करने हेतु युवक- युवती की आवश्यकता है।
अनुभवी को प्राथमिकता - वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क करे।
मो. 9109589819
23 to 29 April

**भीषण गर्मी से दिनचर्या हुई प्रभावित**

# गर्मी से निजात पाने के लिए लोग ले रहे ठंडाई का सहारा



**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** गर्मी का मौसम आते ही शीतल पेय सहित गन्ने के रसो की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। भीषण गर्मी में अपना गला तर करने के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक प्रतिदिन इन दुकानों पर पहुंचकर गर्मी से राहत पा रहे है। जैसे-जैसे गर्मी शबाव पर आती जा रही है इन दुकानों पर भी ग्राहकों की बढ़ती जा रही है। इन दुकानों पर सुबह व शाम को ही प्रचुर मात्रा में भीड़ उमड़ रही है। नागरिकों के द्वारा गर्मी से राहत पाने के लिए इन दुकानों की और अपना रूख कर कर रहे है। सबसे अधिक भीड़ इस समय युवाओं की इन दुकानों पर उमड़ रही है। शीतल पेय का पेय का व्यापार भी धीरे-धीरे अपनी गति पकड़ता जा रहा है। बाजार में सभी तरह के ब्रांड मिल रहे है और नागरिकों के द्वारा इनका उपयोग कर गर्मी से राहत ली जा रही है। इस समय नगर के दुर्गा चौक पर स्थित मधुशालाओं की दुकानों पर रात्रि के समय मेले सा नजारा देखा जा सकता है।

### शीतल पेय बिक रहा सर्वाधिक मात्रा में

गर्मी के मौसम में गला तर करने के लिए ग्राहकों के द्वारा शीतल पेय का सहारा लिया जा रहा है। इस समय सर्वाधिक मात्रा में विभिन्न कम्पनियों के ब्रांड बाजार में बिक रहे है। वर्तमान समय में पेप्सी, कोका कोला, फेंटा, थम्सअप, मेरिंडा,लिम्का सहित कई ब्रांड मौजूद है। इस और ग्राहकों का रूझान सबसे अधिक देखने में आ रहा है। शीतल पेय की इन दुकानों पर राहत लेने के लिए सबसे अधिक बिक्री इन्हीं पेय पदार्थो की देखी जा रही है। एक अनुमान के हिसाब से प्रतिदिन बाजार में सौ केरिट से भी अधिक पेय पदार्थो की बिक्री हो रही है।

### फलों के रसो की और ग्राहकों का रुझान

बाजार में इस समय पाईनेप्पल, संतरा, आम, मौसंबी सहित कई फलों का रस बाजार में मिल रहा है। रसो की दुकानों पर सबसे अधिक मात्रा में पाईनेप्पल रस की बिक्री सर्वाधिक हो रही है। प्रतिदिन क्विंटलों फलों का रस दुकानदारों के द्वारा बेचा जा रहा है और ग्राहकों का रूझान भी इस और देखने को मिल रहा है। मंहगाई के चलते रसों पर भी इसकी मार साफ दिखाई दे रही है। जो फलों का रस 10 से 15 रूपये प्रति गिलास में उपलब्ध हो जाया करता था वहीं इस समय 20 से 30 रूपये की कीमत में बाजार में मिल रहा है। जैसे-जैसे मंहगाई के दौर में अन्य वस्तुओं के दामों में बढ़ोत्तरी हुई तो फलों को भी इसमें नही छोड़ा गया। बाजारों में फलों के रस के अलावा अंगूर,अनार, सेबफल, चीकू की बिक्री भी प्रचुर मात्रा में हो रही है।

### गन्ने के रस पर छाई महंगाई की मार

भीषण गर्मी में सर्वाधिक मात्रा में आम नागरिकों का गला तर कर राहत पहुंचाने वाला गन्ना भी मंहगाई की मार से अछूता नही रह पाया है। नागरिकों को 10 रूपये प्रति गिलास की पर मिलने वाला गन्ने का रस इस समय 15 से 20 रूपये प्रति गिलास पर मिल रहा है। दिनोंदिन बढ़ रही मंहगाई से दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में वृद्धि होने से आम आदमी का रूझान बाजार से हटने लगा है। जैसे-जैसे मंहगाई की तीव्रता बढ़ी है वैसे हर बाजारों में छोटे व्यापार में कमी आई है। ऐसी ही स्थिति गन्ने की दुकानों पर देखने में आ रही है। अपेक्षाकृत व्यापार में कमी का वातावरण भी निर्मित हुआ है।

### बच्चों का रुझान पेप्सी व माजा पर

गर्मी के मौसम में बच्चों का रूझान बाजारों में बिकने वाली छोटी-छोटी पेप्सी सहित माजा व फ्रूटी की और देखने में आया है। सर्वाधिक मात्रा में बच्चों के द्वारा एक रूपये की कीमत पर बिकने वाली पेप्सी की और अपना रूख किया हुआ है। गली-गली चौराहे-चौराहे पर बच्चों की यह पेप्सी दुकानों पर उपलब्ध है। साथ ही माजा व फ्रूटी का मजा बच्चों के द्वारा भरपूर मात्रा में लिया जा रहा है।

# 3 साल से लापता नाबालिग को आरोपी के कब्जे से छुड़ाया, किया सुपुर्द



**जागरण, रेहटी।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष मुस्कान अभियान के अंतर्गत रेहटी पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने पिछले तीन वर्षों से लापता एक नाबालिग बालिका को आरोपी के कब्जे से सुरक्षित बरामद कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। यह पूरी कार्यवाही एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अंजाम दी गई। पुलिस के अनुसार 10 मई 2023 को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 184/23 और धारा 363 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उपनिरीक्षक सुशील पाण्डेय के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था, जो लगातार बालिका की तलाश में जुटी हुई थी। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर नाबालिग बालिका को आरोपी अजय नाथ सपेरा पिता बलराम सपेरा, उम्र 24 साल, निवासी ग्राम जामनेर, थाना नेमावर (जिला देवास) के कब्जे से बरामद किया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्यवाही के बाद बालिका को उसके परिवार के हवाले किया।

### भाजपा नेता रवि मालवीय ने नलखेड़ा में की विशेष आराधना

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय का जन्मदिवस इस वर्ष केवल एक व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित नहीं रहा। बल्कि यह सेवा, अटूट श्रद्धा और सामाजिक समरसता का एक अनूठा पर्व बन गया। बुधवार को आयोजित इस जन्मोत्सव के दौरान पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखा गया। रवि मालवीय की लोकप्रियता और जनता के प्रति उनके जुड़ाव का प्रमाण उनके स्वागत में उमड़े जनसैलाब और कार्यकर्ताओं के उस निस्वार्थ प्रेम से मिला, जो उनके स्वागत के लिए घंटों पलकें बिछाए खड़े रहे। अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव की शुरुआत श्री मालवीय ने परम आध्यात्मिक भाव के साथ की। वह विशेष रूप से विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ नलखेड़ा पहुँचे जहाँ उन्होंने सिद्धदात्री माँ बगलामुखी के चरणों में शीश नवाया। यहाँ उन्होंने माँ की विशेष पूजा-अर्चना की और विद्वान पंडितों के सानिध्य में भव्य हवन-अनुष्ठान संपन्न किया। मंत्रोच्चार की गूँज और आहुतियों के बीच उन्होंने राष्ट्र की उन्नति, क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की मंगल कामना की। माँ बगलामुखी के दरबार में इस विशेष अनुष्ठान ने उनके जन्मोत्सव को एक नई आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। नगर आगमन पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध सामाजिक बंधुओं ने रवि मालवीय का अभूतपूर्व स्वागत किया। फूलों की वर्षा और ढोल-धमाकों के साथ कार्यकर्ता अपने नेता की एक झलक पाने और उन्हें बधाई देने के लिए आतुर दिखे।

# केन्द्रीय मंत्री को रोक, किसानों ने मांगों से भरा ज्ञापन सौंपा



**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के ग्राम सातदेव आगमन के दौरान जमुनिया और पांडागांव के बीच क्षेत्र के किसानों और कांग्रेस नेताओं ने उनके काफिले को रोककर क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैंरूदा के अध्यक्ष सुनील गोल्या के नेतृत्व में किसानों ने केंद्रीय मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा जिसमें किसानों के हितों से जुड़ी छह प्रमुख समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की गई है। चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने किसानों को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या के प्रति गंभीर है और उनकी उपज का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।

ज्ञापन के माध्यम से यह प्रमुख मांग उठाई गई कि राष्टीय राजमार्ग और रेलवे परियोजनाओं के लिए जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की गई है उन्हें वर्तमान में दी जा रही दो गुना मुआवजा राशि के स्थान पर मध्यप्रदेश शासन की घोषणा के अनुरूप चार गुना मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही गेहूं खरीदी के दौरान पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग को लेकर किसानों को हो रही भारी परेशानियों को तुरंत दूर करने का आग्रह किया गया। सिंचाई के क्षेत्र में मांग की गई कि छीपानेर लिफ्ट इरीगेशन परियोजना को तत्काल चालू किया जाए ताकि गोपालपुर से पिपलानी तक के किसानों को लाभ मिल सके।

इसके अतिरिक्त ग्राम सालारोड से सिंचाई हेतु छोड़े जा रहे पानी को सुचारू रूप से महागांव, सेमलपानी, गोरखपुर, मनासा, गिल्हौर, नयागांव, बडनगर और पांडागांव तक पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में क्षेत्र की गौशालाओं की बदहाली का मुद्दा भी उठाया गया और मांग की गई कि क्षेत्र में निर्मित गौशालाओं में भूसा, पानी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू की जाएं ताकि गौवंश की उचित देखभाल हो सके। अंत में पांडागांव क्षेत्र के किसानों के लिए पेयजल और सिंचाई के पानी की गंभीर समस्या का स्थायी समाधान करने का अनुरोध किया गया। किसानों ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वह इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए इनका शीघ्र निराकरण करें ताकि अन्नदाता को राहत मिल सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने अपनी समस्याओं को मंत्री जी के समक्ष मुखरता से रखा।

# गौ तस्करी का लेटरहेड कनेक्शन, सरपंच की सील और साइन ने बनाया तस्करी का लाइसेंस, पुलिस के हत्थे चढ़े 5 तस्कर







**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** जिले में गौ तस्करी का एक ऐसा खेल उजागर हुआ है जिसने खाकी से लेकर पंचायत तक के गलियारों में ह ?कंप मचा दिया है। भैरुंदा पुलिस ने भादाकुई में घेराबंदी कर 5 गोवंश को मौत के मुंह में जाने से बचाया। इस दौरान तस्करों के पास से बरामद कोरे लेटरहेड्स ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। पकडे गए तस्करों के पास से लोहापानी और खांडाबड़ ग्राम पंचायत के ऐसे पत्र मिले हैं जिन पर सरपंच के हस्ताक्षर और मुहर पहले से मौजूद थी, ताकि अवैध तस्करी को वैध व्यापार का चोला पहनाया जा सके। पुलिस ने इस मामले में शिवराज सोलंकी, ओंकार बारेला, राजेश बरडे, सरपीया बरडे और सुनील सोलंकी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है, जो इन पशुओं को अमानवीय तरीके से भरकर महाराष्ट्र के बूचड़खानों में सप्लाई करने जा रहे थे।

इस पूरे मामले का सबसे काला पक्ष वह वसूली तंत्र है, जिसमें गौ सेवकों के अनुसार प्रति पशु एक हजार रुपये तक लेकर सरपंच के दस्तखत वाले ब्लैंक लेटरहेड तस्करों को बेचे जाते थे। विडंबना देखिए कि लोहापानी की महिला सरपंच सुमनबाई खुद हस्ताक्षर करना तक नहीं जानतीं, फिर भी उनके नाम के साइन वाले पत्रों का बाजार में खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। पंचायत सचिव धर्मेंद्र तिवारी ने भी पल्ला झा ?ते हुए सारा ठीकरा सरपंच के बेटे पर फोड़ दिया है, जो पंचायत के कार्यों में अवैध हस्तक्षेप करता है। पुरानी तारीखों में जारी किए गए इन दस्तावेजों ने संकेत दिया है कि यह कोई छिटपुट घटना नहीं, बल्कि एक संगठित सिंडिकेट है जो कई पंचायतों में अपनी जड़ें जमा चुका है।

प्रशासनिक अमले की सुस्ती भी इस मामले में सवालों के घेरे में है। एक ओर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीमें कार्रवाई कर रही हैं, वहीं जनपद सीईओ संजय अग्रवाल अब भी मामले से अनजान बने हुए हैं और जानकारी जुटाने की बात कह रहे हैं। गौ सेवकों के बढ़ते दबाव और उजागर हुए साक्ष्यों के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या पुलिस सिर्फ तस्करों को जेल भेजकर इतिश्री कर लेगी, या उन सफेदपोश चेहरों तक भी पहुंचेगी जिन्होंने अपनी कुर्सी और सील को तस्करों के हाथों गिरवी रख दिया है। फिलहाल, बरामद पिकअप वाहन और आरोपियों के बयानों के आधार पर पुलिस इस गहरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। इस मामले में पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह इन पशुओं को वध करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र प्रांत के बूचड़खानों में ले जा रहे थे।

### तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न, ग्रामीण उद्यमिता को मिला बढ़ावा



**जागरण बुधनी।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत उन्नति सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, बुध नी में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में सीहोर, रायसेन एवं नर्मदापुरम जिलों की संचालन समिति के 30 सदस्यों ने भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान संस्था निसवर्ड से आईं डॉ. यामिनी जायसवाल एवं जैमिन जी ने प्रतिभागियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसमें बीआरसी सेटअप की प्रक्रिया, संचालन समिति की भूमिका एवं दायित्व, वित्तीय प्रबंधन, प्रभावी बिजनेस प्लान तैयार करना तथा मार्केटिंग रणनीतियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना रहा।प्रशिक्षण के अंतिम दिन जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश बरफा ने प्रतिभागियों से संवाद कर तीनों दिनों में प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव की समीक्षा की। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर पर लागू कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा प्रशिक्षण का औपचारिक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास एवं उद्यमिता कौशल का विकास हुआ, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

**24 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई जो पूरे ग्राम में भ्रमण कर यज्ञ स्थल पहुंची**

# प्राण प्रतिष्ठा : श्री राम शतचंडी महायज्ञ का हुआ आयोजन



**जागरण, बकतरा।** श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्री राम शत चंडी का कार्यक्रम दिनांक 24 तारीख से 30 अप्रैल तक आयोजन किया जा रहा है जिसमें 30 तारीख को विशाल भंडारे का एवं पूर्ण आहुति की गई। श्री ब्रह्मानंद उदासीन निर्माण जी बरेठा. नर्मदा पूरी बाबाजी महाकाली मंदिर मुरारी पंडित भवन किशोरी पंडित सौरभ व्यास जी पंडित किशोरी लाल रावत आचार्य पंडित जगत नारायण भारद्वाज कथा वाचक पूज्य दीदी रत्नागिरी राष्ट्रीय कथा वाचक भोपाल 24 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई जो पूरे ग्राम में भ्रमण कर यज्ञ स्थल पहुंची।

वहां पर डीजे एवं बंद बजे के द्वारा पुष्प वर्षा से उसका स्वागत किया गया और 25 तारीख को भगवान की शोभायात्रा निकाली गई और जल अभिषेक किया गया वह पूरे ग्राम एवं क्षेत्र में हर्ष उल्लास का माहौल बना हुआ है यज्ञशाला को बड़े ही सुंदरता और साथ सजा से सजाया गया है पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यज्ञशाला एवं मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए ग्राम के लोगों का बहुत ही धन्यवाद उन्होंने अपने अनुमोदन में मोर नाम के रक्षा का वध किया।

इसलिए मुरारी नाम रखा गया उन्होंने मंदिर की एवं यज्ञशाला श्री राम की मूर्ति बहुत सुंदर अद्भुत बताया और उन्होंने रामायण की कुछ चौपाई से लोगों को प्रेरित किया सत्य हरि भजन जगत सब सपना सियासत राम मय सब्जी जानीकी चौपाई बोलकर बताया यह धर्मशाला है यहां से सभी को जाना है आपने मुझे प्रेम से बुलाया और मैं प्रेम की कच्ची डोर से बंधा और आपके प्रेम आपके यहां चला आया हूं निवेदक समस्त ग्रामवासी मुरारी कार्यक्रम में सम्मिलित बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव वरिष्ठ नेता वीर सिंह चौहान महेश उपाध्याय सलकनपुर ट्रक्स अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा जिला पंचायत सदस्य रघुवीर चौहान किरार समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत चौहान युवा मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष अल्पेश चौहान राधे श्याम उपाध्याय राधे श्याम उपाध्याय राजवर्धन राजपूत इत्यादि।

### सांदीपनि विद्यालय में चौहान के सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**जागरण बुधनी।** सांदीपनि विद्यालय, बुधनीमें नंदन सिंह चौहान के सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुधा सालोमन सुरेंद्र सिंह जामलिया, बलराम साहू, राम किशोर मिश्रा, राज किशोर मिश्रा हरदयाल सिंह आजाद, धीरेंद्र तिवारी, भूपेंद्र सिंह , एमपी दायमा, जी पी दायमा ने उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान और उनके समर्पित कार्यकाल को याद कियाकार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सांदीपनि विद्यालय बुधनी के समस्त स्टाफ कर्मचारी ने उनको बधाई दी इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से प्रारंभ हुआ तत्पश्चात शाला प्राचार्य और स्टाफ, अतिथियों के द्वारा नंदन सिंह चौहान का शाल, श्रीफल भेंटकर तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया साथ ही उनके साथ उनके पूरे परिवार का भी पुष्प गुच्छ, माला तथा श्रीफल से स्वागत किया गया ।

राय साहब भंवर सिंह पब्लिक स्कूल
Knowledge is Power
22 Years of Excellence
प्रवेश प्रारम्भ
बदलते समय को ध्यान में रखते हुए कक्षा 11 में कृतिम बुद्धिमत्ता (AI) एक आधुनिक पाठ्यक्रम
यहाँ गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी विषय उपलब्ध है ।
प्ले ग्रुप से कक्षा 9वीं एवं 11वीं
कला,वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय
LONDON KIDS™
UK Concept International Preschool Chain
8602234080
8962807784
9425651620
Email : rsbspublic.school@gmail.com
भोपाल रोड़, भैरूंदा (नसरूल्लागंज) जिला सीहोर म.प्र.

शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विकास होना आवश्यक : विधायक गोपालसिंह इंजीनियर

# शहीद भगतसिंह महाविद्यालय में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत होगा तालाब का निर्माण



**जागरण, आष्टा।** शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में नवीन प्राचार्य कक्ष का विधायक गोपालसिंह इंजिनियर ने फीता काटकर लोकार्पण किया।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर के साथ वातावरण मिल सके। विधायक श्री इंजीनियर ने महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र संह सूर्यवंशी ने विधायक का स्वागत करते हुए उनके द्वारा महाविद्यालय विकास में सहयोग प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने बताया कि यह कक्ष प्रशासनिक कार्यों को और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इसके पश्चात विधायक श्री इंजीनियर ने जनभागीदारी समिति की बैठक में, बैठक के एजेंडे पर चर्चा कर निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय परिसर का भ्रमण किया। महाविद्यालय भ्रमण के दौरान विधायक श्री इंजीनियर ने विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए वाहन पार्किंग हेतु टीन शेड निर्माण, नवीन बोरवेल एवं जलगंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत 1 तालाब निर्माण कार्य कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

## नगर पालिका: संबल योजना के तहत 16 हितग्राहियों को मिली दो-दो लाख की अनुग्रह सहायता राशि

**जागरण, आष्टा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी संबल योजना के अंतर्गत आज नगर पालिका कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कायक्रम में सीएमओं विनोद प्रजापति द्वारा पार्षद तारा कटारिया, डॉ सलीम, अरशद अली उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान सीएमओं ने बताया कि संबल योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक सुरक्षा कवच है। दुख की इस घड़ी में परिवार को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा यह अनुग्रह सहायता सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में प्रदान की गई है। सीएमओ ने लाभान्वित हितग्राहियो को समझाईश देते हुवे कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राप्त राशि का अपने परिवार का भरण पोषण में लगाए, प्राप्त राशि का सदुपयोग करें दुरपयोग नहीं। सिंगल क्लिक के माध्यम से जैसे ही राशि खातों में पहुँची, हितग्राहियों ने शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। समग्र अधिकारी दीपाली सोलंकी ने जानकारी देते हुवे बताया कि जनकल्याणकारी संबल योजना के तहत नगर के 16 हितग्राहियों को 2-2 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई हैं।

# श्री नीलकंठेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ



**जागरण, आष्टा।** नगर की रॉयल कॉलोनी स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। बाबा महांकाल की असीम कृपा से आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत रहवासियों ने भक्ति भाव से नृत्य करते हुए धर्म आराधना, हवन एवं पूजन के साथ की।

समाजसेवी गौरी वर्मा ने बताया कि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम 3 मई रविवार को संपन्न होगा। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है। श्री वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन होंगे हवन व धार्मिक अनुष्ठान महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हवन, पूजन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजन स्थल रॉयल कॉलोनी में रखा गया है।

प्रथम दिन हुए प्रायश्चित व मंडप प्रवेश, महोत्सव के प्रथम दिन बुधवार को प्रायश्चित कर्म, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 30 अप्रैल गुरुवार को अन्नाधिवास, देव पूजन, अधिवासन एवं जलाधिवास हुआ। इसके अतिरिक्त 1 मई शुक्रवार नित्य पूजन, हवन, जलाधिवास एवं पूर्णाहुति सहित धार्मिक अनुष्ठान, 2 मई शनिवार नित्य पूजन, हवन, प्राण प्रतिष्ठा पूर्व पूजन एवं ध्वजारोहण एवं 3 मई रविवार नित्य पूजन, हवन, प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, प्रथम दर्शन एवं महाआरती होगी तथा अंतिम दिन सायं 4 बजे पूर्णाहुति के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में यज्ञाचार्य पं. भरत व्यास के मार्गदर्शन में समस्त अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं, वहीं यज्ञ ब्रह्मा के रूप में पं. विनोद भारद्वाज अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि यह महोत्सव रॉयल कॉलोनी के समस्त रहवासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# विधायक गोपालसिंह ने सोनी दंपति की जानी कुशलक्षेम



**जागरण, आष्टा।** शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनी के पिताजी एवं माताजी तथा भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी की दादी कमलादेवी सोनी एवं दादा माखनलाल सोनी के अस्वस्थ्य होने की जानकारी मिलने के बाद विधायक श्री इंजीनियर उनके निवास पर पहुंचे और दोनो से चर्चा की। साथ ही मोहित सोनी से कुशलक्षेम जानी। दिनेश सोनी एवं मोहित सोनी ने विधायक श्री इंजीनियर की सहदयता के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री इंजीनियर के साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी साथ थें। सोनी आवास पर पार्टी के कैलाश सोनी पांचम, होटल व्यापारी संघ मेन के अध्यक्ष सोरभ जैन शीतल, कमलेश ऋषि विश्वकर्मा आदि मौजूद थें।

# तहसील में पक्षियों के लिए लगाए जलपात्र

**जागरण, आष्टा।** पूर्वकाल से ही पक्षी सूचना सहायक का काम कर रहे हैं। पर्यावरण में हो रहे अच्छे व बुरे बदलाव को पक्षियों की जीवनचर्या से आसानी से समझा जा सकता है। इन्हें बचाने के लिए जरूरी है कि हर घर की छत पर सकोरे लगाए जाए। आज हर व्यक्ति अपनी प्यास बुझाने के लिए नल, हैंडपंप, टयूबवेल एवं कुओं से पानी प्राप्त कर अपनी प्यास बुझा लेता हें लेकिन हमे याद रखना चाहिए कि इस धरती पर मनुष्य जाति के अलावा भी और प्राणी हें और वे हें, पशु-पक्षी। धीरे-धीरे हवाओ के गर्म थपेड़े होना शुरु हो गए हें और इन गर्म हवाओ के थपेड़ो के बीच दाना पानी के लिए बिलबिलाते पक्षियो की तरफ लोगो का ध्यान कम ही जाता है। बिगड़ते पर्यावरण के चलते सबसे ज्यादा परेशान पक्षी होते हें। भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष शिवम सोनी, पार्षद विरेंद्रसिंह ठाकुर ने कहा कि पूरे नगर में जगह-जगह पेड़ो के पास पंक्षियों के लिए जलपात्र बांधे जांऐगे। जिससे पक्षी अपनी प्यास बुझा सके। युवाओं ने



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के सभी शासकीय कार्यालयों में पक्षियों के लिए जल उपलब्ध हो सके इस हेतु सकोरे भेंट किए। तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, पत्रकार मुकेश सोनी, शिवम सोनी, वीरेंद्रसिंह ठाकुर, मनोज सोलंकी, आशीष सोनी ने नागरिको से अपील कि है कि वे अपने-अपने निवास स्थान पर गर्मी के मौसम में जलपात्र बांधकर प्यासे पक्षियों की जलसेवा कर पुण्य कमाये तथा लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करे। पुराने समय में धार्मिक स्थलों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था होती थी और उसमे खास बात यह होती थी कि रोज सही वक्त् पर दाना पानी की आस लिए तोते, कबूतर, चिड़िया एक साथ इकट्ठे हो जाते हें, यदि इन बेजुबानो को दाना पानी मिलेगा तो हम सभी को भी दाना पानी मिलता रहेगा।

## हद कर दी आपने

**जागरण, आष्टा।** आरक्षक ने कहा साहब चौरी हो गई, दरोगाजी ने पूछा क्या? वह बोला पानी की मोटर, पूछा किसकी? बोला दरोगाजी की, इसके बाद थाने में सन्नाटा छा गया। बात सीहोर तक पहुंची और फिर सब कुछ ज्ञात होने के बाद भी अज्ञात के विरुद्ध चौरी का मामला दर्ज किया गया। इसे कहते हैं चौर-चौर मोसेरे भाई। मामला गोपनीय रहे इसलिए तमाम तरह की गोपनीयता बरती गई, लेकिन जानकारी रखने वाले भी बला के होते हैं, जब वे यह जानकारी रख सकते हैं कि जो हैं ही नहीं उसके नाम से भी उधारी वसूली जा रही हैं और पूछा जा रहा हैं कि कही कुछ बाकी तो नहीं। इससे अंदाज लगाया जा सकता हैं कि इस पानी की मोटर के चक्कर में कितनों का पानी उतर गया। अब सवाल यह हैं कि दरोगाजी की मोटर तो थाने के केंपस में थी और हैं, चौरी कैसे हुई? और किसकी इतनी हिम्मत? यहां सुरक्षा के तमाम इंतजाम हैं। फिर भी गायब... माफ करना चौरी हो गई, यह चौरी पुलिस के लिए सिरदर्द हैं। अब यह किस्सा धीरे-धीरे थाने से होकर चौराहों तक पहुंच गया हैं, लोगो को जैसे-जैसे पता चल रहा हैं, वैसे-वैसे लोग कह रहे हैं हद कर दी आपने....

## विधायक कप का शुभारंभ



**जागरण बेरछा।** ग्राम रंथभंवर में स्थित स्टेडियम में माधव क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में विधायक कप 2026 का शुभारंभ बुधवार देर शाम को क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेरछा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर ने की। जहां विधायक भीमावद ने स्टेडियम में टीमों के साथ पैदल मार्च निकाल कर ग्राउंड का जायजा लिया तथा ग्राउंड को जल्द ही बेहतर करने की बात कही। 15 दिनों तक चलने वाले इस क्रिकेट में लगभग 32 टीम भाग लेंगी। पहला क्रिकेट मुकाबला पनवाड़ी और मोलटा के बीच हुआ। जिसमें पनवाड़ी टीम विजय रही। जबकि दूसरा मुकाबला गुरुवार को रुलकी और लसुड़िया के बीच हुआ। विधायक कप मे विशेष अतिथि जनपद सदस्य किशोर भीमावद,सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम सौराष्ट्रीय,पूर्व सरपंच अशोक पाटीदार, मंडल महामंत्री डॉ दिलीप चौधरी, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज यादव, संरक्षक आनंद आर्य, मणिशंकर चौधरी, मुकेश परमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा दिलीप चौधरी ने किया तथा आभार दीपक नारोलिया ने माना।

# ट्रॉली पर चढ़े सीएम मोहन यादव, किसानों से बोले- चिंता न करें, गेहूं का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार



### अपने सामने तुलवाया गेहूं लाड़ली बहना से भी की बात

व्यवस्थाओं में कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए सीएम ने अपने सामने ही गेहूं का वजन तुलवाकर देखा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि तपती गर्मी में किसानों के लिए छांव और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। केंद्र पर निरीक्षण के दौरान सीएम की नजर बारदानों पर ठप्पा (छपाई) लगा रही स्व-सहायता समूह की महिला संगीता बाई पर भी पड़ी। उन्होंने संगीता से उनके काम और लाड़ली बहना योजना की किश्त मिलने के बारे में पूछा और भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है।

अचानक हुए इस दौरे से प्रशासनिक अमले में हलचल रही। मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, विधायक अरुण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसोदिया, उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह, आईजी राकेश कुमार गुप्ता और कलेक्टर ऋजु बाफना सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी मुस्तैद नजर आए।

**जागरण शाजापुर।** गेहूं खरीदी व्यवस्थाओं का जमीनी सच जानने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को शाजापुर जिले के मकोड़ी स्थित श्यामा उपार्जन केंद्र पर अचानक पहुंचकर सबको चौंका दिया। यहां मुख्यमंत्री का एक अलग ही अंदाज नजर आया। वे सीधे किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चढ़ गए और उपज को हाथ में लेकर उसकी क्वालिटी परखी। मौके पर मौजूद किसानों से सीधा संवाद करते हुए सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे किसी बात की चिंता न करें, सरकार पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है और उनकी उपज का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। किसानों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि गेहूं उपार्जन की अंतिम तारीख जो पहले 9 मई 2026 थी, उसे अब बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दिया गया है। जरूरत पड़ी तो इसे आगे भी बढ़ाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डॉ. यादव ने किसान दीपक और राहुल सहित अन्य किसानों से बात कर खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने स्लॉट बुकिंग, परिवहन और ओटीपी के जरिये हो रहे भुगतान की प्रक्रिया की बारीकी से पड़ताल की।

# केदारनाथ से लौट रही बस को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, मची चीख-पुकार, दो दर्जन घायल



**जागरण शाजापुर।** चार धाम की पवित्र यात्रा कर सकुशल अपने घर लौटने की उम्मीद उस वक्त चीख-पुकार में बदल गई, जब शाजापुर जिले में नेशनल हाईवे-52 पर अलसुबह तीर्थयात्रियों से भरी एक बस को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में बस में सवार करीब दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को रेस्क्यू कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, हादसा गुरुवार सुबह करीब 5 बजे नेशनल हाईवे-52 पर बापूजी पेट्रोल पंप के सामने टुकराना जोड़ और बिजाना जोड़ के बीच हुआ। बस में करीब 52 यात्री सवार थे, जो केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन करने के बाद वापस अपने गृह नगर खरगोन लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का पिछला हिस्सा और ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

# सफाई कर्मचारियों के पद बहाल करने और आउटसोर्स प्रथा बंद करने की मांग



**जागरण शाजापुर।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत द्वारा सफाई कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से नगर पालिका और नगर परिषदों में सफाई कर्मचारियों के पदों को पूर्वानुसार स्वीकृत करने और उन्हें आउटसोर्स या ठेके पर रखने की प्रथा को बंद करने की पुरजोर मांग उठाई गई। यह ज्ञापन अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के संस्थापक चौधरी सुरेंद्र कुमार के आह्वान पर, राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी राहुल निन्धाने और प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे के नेतृत्व में सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में नगरीय प्रशासन विभाग के 2014 के पत्र का हवाला देते हुए बताया गया कि आदर्श कार्मिक संरचना के अनुसार सफाई संरक्षक के 60 प्रतिशत पदों को कम कर दिया गया है, यह सफाई कर्मचारियों के प्रति बड़ा अन्याय है। पदों की कमी के कारण कर्मचारियों को संविदा या आउटसोर्स में डाल दिया गया है, जिससे उन्हें न तो उचित वेतन मिल पा रहा है और न ही अन्य सुविधाएं। इस वजह से उनका परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। वर्तमान सेटअप में प्रति 500 व्यक्तियों पर एक सफाई कर्मचारी निर्धारित किया गया है, जबकि शहरों का क्षेत्रफल और जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी नगर पालिका परिषदों एवं नगर परिषदों में जो पद पूर्व में स्वीकृत थे, उन्हें पुनः स्वीकृत किया जाए। मध्य प्रदेश के अधिकांश निकायों में सफाई कर्मचारियों को आउटसोर्स, ठेके पर रखा जा रहा है, उस पर तत्काल रोक लगाई जाए। ज्ञापन सौंपते समय अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष लखन खत्री सहित समाज के अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समारोह का जूठन और दोना पत्तल खाने से नंदी बीमार

**जागरण शाजापुर।** शहर की द्वारिका कॉलोनी स्थित लौंदिया रोड गली नंबर 5 में शादी समारोह का फेंका हुआ जूठन और दोना-पत्तल खाने से एक नंदी गंभीर रूप से बीमार हो गया। भीषण गर्मी और तेज धूप में बेसुध पड़े नंदी की सूचना मिलते ही गौरक्षा सेना के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और उसका रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार, गुरूवार को दूषित और व्यर्थ भोजन खाने से नंदी की हालत काफी बिगड़ गई थी।

मौके पर पहुंची गौरक्षा टीम ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए सबसे पहले उसे बोतल से पानी पिलाया और उसका प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद, कड़ी धूप में परेशान नंदी को काफी मशक्कत के बाद खड़ा कर धीरे-धीरे सुरक्षित व छायादार स्थान तक ले जाया गया। बताया जा रहा है कि फिलहाल नंदी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे बचाने के लिए लगातार बेहतर उपचार के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मध्य प्रदेश में श्रीकृष्ण के लीला स्थलों को तीर्थ बनाएगी सरकार



**जागरण शाजापुर।** मध्य प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े उन सभी स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां उन्होंने अपनी लीलाएं रची थीं। साथ ही, प्रदेश के हर नगरीय निकाय में गीता भवन का निर्माण भी कराया जा रहा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को शाजापुर जिले के ग्राम सेमली धाम में कहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां राजस्थान के प्रसिद्ध संत गोवत्स राधाकृष्ण महाराज द्वारा की जा रही श्री नरसी मेहता पावन चरित्र कथा में शामिल होने पहुंचे थे। यहां उन्होंने पंडित कमल किशोर नागर से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया और व्यास पीठ का पूजन किया। कथा पंडाल में मौजूद विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति मुख्य रूप से त्याग और देने की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सिर्फ खेती-किसानी ही नहीं, बल्कि संस्कृति, विज्ञान और विकास के हर मोर्चे पर दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है। सेमली धाम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थलों पर ही समाज का हर वर्ग एकजुट होकर ईश्वर की आराधना करता है।

### जिसके घर गाय, वो गोपाल

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सेहत को सुधारने के लिए गौ-पालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जिसके घर गाय, वो गोपाल का आह्वान करते हुए कहा कि गौ-माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। हर घर में गाय पलने से दूध का उत्पादन बढ़ेगा, जिससे न सिर्फ कुपोषण दूर होगा बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। सरकार भी गौशालाओं के माध्यम से गौ-संरक्षण के काम कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार, विधायक अरुण भीमावद, डॉ. रवि पांडे, उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह, आईजी राकेश कुमार गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत सहित कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण

**जागरण नलखेड़ा।** शासन निर्देशानुसार राज्य स्तर से जल गंगा संवर्धन अभियान.2026 हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक अनिल पंवार, उपयुक्त विकास राज्य कार्यालय प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण द्वारा बुधवार को जिले में अभियान अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों का पर्यवेक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री पंवार ने जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत आमला, सेमली, धान्याखेड़ी एवं लसुल्ड़िया गोपाल में संचालित जल संवर्धन कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही नगर परिषद नलखेड़ा में तालाब घाट के जीर्णोद्धारए बावड़ी की डिसिल्टिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भी निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। पर्यवेक्षण के दौरान श्री पंवार ने तकनीकी अमले एवं संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# मासूम के लिए काल बनी ऑटो रिक्शा

## घर के बाहर खेल रही 5 वर्षीय बच्ची की रौंदा, मौके पर ही मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**देवास।** गंगा पार्क कालोनी में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ऑटो ने 5 साल की बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के दौरान ऑटो चालक बच्ची को करीब 10 से 15 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा पार्क कालोनी में रहने वाली चेष्टा शर्मा अपने घर के बाहर गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे खड़ी थी। तभी तेज रफ्तार ऑटो ने चेष्टा को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद घर की महिलाएं ऑटो को पकड़ने के लिए दौड़ीं, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने तुरंत बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिजन इस बात पर यकीन नहीं कर पाए और बच्ची को एक निजी अस्पताल ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। इसके बाद परिजन बच्ची को इंदौर ले जाने की तैयारी कर



रहे थे, लेकिन रास्ते में उन्हें उसकी मौत का यकीन हो गया और वे शव को वापस जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाए। मृतक बच्ची चेष्टा के पिता



दिनेश शर्मा साड़ी की दुकान चलाते हैं और घटना के समय दुकान पर थे। चेष्टा की मां घर पर अकेली थीं और घरेलू काम कर रही थीं। आसपास खेल रहे बच्चों ने उन्हें घटना की सूचना दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचीं। परिजनों ने बताया कि चेष्टा पड़ोस में खेलने गई थी और वापस आकर घर के सामने खड़ी थी, तभी यह हादसा हुआ। बालिका की मां ने बताया कि उन्हें अपने परिचित के यहां भोजन के लिए जाना था। वह इसी सिलसिले में अपने पति को फोन लगा रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। बच्ची चेष्टा के मामा सतीश ने बताया कि वह एक दिन पहले ही राजस्थान से लौटे थे और अगले ही दिन यह घटना हो गई। उन्होंने बताया कि परिवार राजस्थान के भीलवाड़ा का रहने वाला है और शव को वहीं ले जाया जाएगा। परिवार के लोग करीब 15 दिन के लिए एक रतजगा कार्यक्रम में राजस्थान गए थे और वहां से वापस देवास लौटे थे। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# बस कंडक्टर पर महिला से छेड़छाड़ के आरोप

## हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**देवास।** देवास से इंदौर बीच संचालित होने वाली एक बस के कंडक्टर पर महिला यात्री से छेड़छाड़ करने के गंभीर आरोप लगाते हुए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कंडक्टर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।



विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि सिद्धि विनायक बस के कंडक्टर द्वारा पेट्रोल पंप चौराहा से बैठने वाली एक हिंदू महिला के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। साथ ही महिला ने इस बात की सूचना अपने परिजनों व हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को दी। सूचना मिलते ही संगठन के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और उसकी धुनाई करने के बाद कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर कंडक्टर सरफराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले को लेकर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज कार्नर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**देवास।** जिले के कंचनपुर क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। ग्राम बोलासा निवासी सुमेर सिंह का शव उनके निर्माणाधीन मकान के पास बबूल के पेड़ पर लटका मिला। जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि सुमेर सिंह कल दोपहर से कंचनपुर में ही थे, जहां उनका मकान निर्माणाधीन है। आज सुबह स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आज पूर्णिमा पर मेधावी छात्रों का होगा सम्मान

**खातेगांव।** दादाजी परहित सेवा संस्थान खातेगांव द्वारा 1 मई को पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक सराहनीय पहल करते साधक संत गुरुदेव दादा भाई धूनीवाला दरबार श्यामला हिल्स भोपाल के सानिध्य में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। संस्थान के मिडिया प्रभारी प्रदीप साहू व पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक आशीष शर्मा व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### सांसद पाटिल के छोटे भाई को दी श्रद्धांजलि



**देवास।** गत दिवस खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के छोटे भाई विश्वनाथ पाटिल का निधन हो गया था। उनके निधन पर भाजपा नेता सुनील पुरोहित, टिकेन्द्र प्रताप सिंह, ललित यादव, सुधीप पाठक आदि ने उनके गृह गांव गोहारदा जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### कुमारिया बनवीर में गांव गैर माता पूजन संपन्न

**पीपलरावां।** गत दिवस समीपस्थ गांव कुमारिया बनवीर में शीतला माता का पूजन किया गया। बताया जाता है कि गांव के मुखिया पटेल को एक माह पूर्व माताजी स्वप्न में आकर कहती है कि आप संपूर्ण गांव सहित मेरा पूजन करें, जिससे आपके गांव को हम धन-धान्य से संपन्न कर देंगे। तत्पश्चात गांव के पटेल द्वारा गांव अथवा नगर में चौकीदार द्वारा डोंडी पीट कर माता पूजन कर एलान किया गया। जिसके बाद गत दिवस शीतला माता पूजन संपन्न हुआ।

### आज पीपरी में लगेगी कलेक्टर की उपस्थिति में रात्रि ग्राम चौपाल

**देवास।** जनसेवा और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा 1 मई को तहसील उदयनगर की ग्राम पंचायत पीपरी में विकासखंड स्तरीय शिविर एवं रात्रि ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पीपरी में दोपहर को विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन होगा, जिसमें सभी विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहकर आवेदकों से सीधे आवेदन प्राप्त करेंगे। मौके पर ही दस्तावेजों का परीक्षण कर समस्याओं के तत्काल निराकरण की कार्रवाई करेंगे। शिविर के पश्चात शाम 7 बजे से ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। जिसमें कलेक्टर ऋतुराज सिंह उपस्थित जनसमूह और आवेदकों से रूबरू होंगे। कलेक्टर द्वारा व्यक्तिगत रूप से आवेदकों की बात सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं शासन की मंशा के अनुरूप, प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाने के लिए सभी अधिकारी रात्रि भोजन के पश्चात ग्राम पीपरी पर ही रात्रि विश्राम भी करेंगे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर चिकन-मांस दुकानें बंद रहेगी

**देवास।** शुक्रवार 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं चिकन, मांस, मटन एवं मछली विक्रय की दुकानें एवं नानवेज होटल पूर्णतः बंद रहेंगे।

# फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद कलेक्टर ने किया बाबूओं को इधर से उधर

**देवास।** पिछले दिनों कलेक्ट्रेट व तहसील कार्यालय के चार बाबूओं व एक दलाल द्वारा आदिवासियों की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर कलेक्टर के नाम से फर्जी अनुमति व आदेश जारी करने का मामला उजागर हुआ था। इसके बाद कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए एक ही स्थान पर वर्षों से जमे बाबूओं को इधर से उधर किया है। कलेक्ट्रेट, एडीएम, एसडीएम व तहसील कार्यालय में ऐसे कई बाबू है, जो पिछले 8 से 10 वर्ष से एक ही जगह पर जमे हुए है। यही कारण है कि इनकी जड़ें अब इतनी मजबूत हो चुकी है कि ये न सिर्फ भ्रष्टाचार कर रहे है, बल्कि कलेक्टर जैसे आला अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर आदेश व अनुमति भी जारी कर रहे है। जब यह मामला उजागर हुआ तो बीएनपी थाना पुलिस ने 4 बाबूओं व एक दलाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया है। इस मामले में लोक सेवा केंद्र का एक बाबू भी निशाने पर है, जैसे ही उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलेंगे, उक्त बाबू के खिलाफ भी एफआईआर हो सकती है। फिलहाल कलेक्टर ने एहतियात बरतते हुए 9 बाबूओं को इधर से उधर किया है।




### ऐसे और भी बाबू है जो वर्षों से जमे हुए हैं

फिलहाल कलेक्टर ने एहतियात बरतते हुए 8 बाबूओं को इधर से उधर किया है, किंतु अभी भी तहसील कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक एक दर्जन से अधिक बाबू ऐसे है, जो पिछले कई वर्षों से एक ही सीट पर जमे हुए है और वे अब इतने ताकतवर हो गए है कि उन्हें अधिकारियों का भी खौफ नहीं है। वे फाइल को एक टेबल से दूसरी टेबल तक तभी पहुंचाते है, जब उन्हें भेंट-पूजा चढ़ जाती है। अन्यथा अधिकारियों के आदेश को भी वे रद्दी की टोकरी में डाल देते है।

जिनमें सुरेन्द्र कुमार मुकाती प्रवाचक 1 अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग देवास को प्रवाचक अपर कलेक्टर न्यायालय (उत्तर) भेजा गया है। इसी तरह रमेश चंद्रावत एस. डब्ल्यू शाखा कलेक्टोरेट को प्रवाचक 1 अनुविभागीय अधिकारी देवास, बंशीलाल चौहान प्रवाचक अपर कलेक्टर न्यायालय (उत्तर) को एस.डब्ल्यू शाखा कलेक्टोरेट देवास, रोहित आर्य रेकार्ड कीपर जिला राजस्व अभिलेखागार शाखा कलेक्टोरेट देवास को प्रवाचक न्यायालय नायब तहसीलदार विजयागंजमंडी, नरेन्द्र दीक्षित कार्यालय जिला पंचायत देवास को रेकार्ड पीकर जिला राजस्व अभिलेखागार शाखा कलेक्टोरेट देवास, उदयसिंह गोदकर आदिम जाति कल्याण विभाग से खाद्य शाखा कलेक्टोरेट देवास, सुश्री उमा प्रजापति स्वेच्छानुदान शाखा कलक्टोरेट को वर्तमान कार्य के साथ-साथ मंत्री प्रकोष्ठ/सी.पी. ग्राम का अतिरिक्त चार्ज, सुश्री प्रियंका शर्मा सिविल सूट शाखा कलेक्टोरेट को वर्तमान कार्य के साथ-साथ आयोग/मानव अधिकार/शासन से प्राप्त शिकायत का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं प्रशांत दुबे सहायक ग्रेड-3 को मंत्री प्रकोष्ठ/सी.पी. ग्राम मानव अधिकार, शासन से प्राप्त शिकायत के अतिरिक्त चार्ज से मुक्त किया जाता है।

# भौंरासा में 21 वर्ष बाद हुआ गांव गैर माता पूजन

## बहन के सिर से भाई ने उतारी सिगड़ी, माता से मांगी सुख-समृद्धि

**भौंरासा।** नगर में 21 साल बाद गांव गैर माता पूजन का आयोजन किया गया। इस विशेष माता पूजन में गांव के हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर उत्साह से हिस्सा लिया। सभी ने मां शीतला की आराधना कर गाव सहित पूरे देश में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गांव के पटेल यशवंतसिंह राजपूत ने बताया कि यह आयोजन 21 साल बाद हुआ है, जिससे पूरे गांव को मां शीतला की पूजा का अवसर मिला। कार्यक्रम की एक अनोखी परंपरा है, जहां महिलाएं अपने हाथों से मिट्टी की सिगड़ी 15 दिन पूर्व से ही बना लेती है और उस पर अच्छे से रंग कलर पेंटिंग कर उसे तैयार करती है। इसके बाद महिलाएं इसी सिगड़ी को सिर पर रखकर मां शीतला के दरबार में पहुंचती है, यहां महिला के भाई द्वारा सिगड़ी उतारकर माता की पूजा पूर्ण करता है। इस भव्य आयोजन में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखी गई। रात 12.15 बजे शुरू हुआ पूजन जो दिनभर चलता रहा।



इसमें पूरा नगर मां शीतला की जय जयकार, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से गूंज उठा। पूजा की शुरुआत पटेल यशवंतसिंह राजपूत ने अपने परिवार के साथ मंत्रोच्चार के साथ की, जिसे नगर पुरोहित संजय जोशी व शीतला माता पुजारी अनिल कुंभकार ने पूजन संपन्न कराया। इस आयोजन को देखते हुए पूरे नगर में पुलिस प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी गई। वहीं ड्रोन से भी नजर रखी गई। आयोजन में विधायक डॉ. राजेश सोनकर, पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा, नप उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, अनिल चावड़ा आदि ने माता शीतला के दर्शन कर पूजन किया। माता पूजन से पूर्व नगर में माली समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री ने भजनों की प्रस्तुति दी।

# दुर्गापुरा में 68 साल बाद गांव गैर माता पूजन का आयोजन

**देवास।** समीपस्थ ग्राम दुर्गापुरा में 68 वर्ष बाद गांव गैर माता पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में हर्षोल्लास का माहौल दिखाई दिया। गांव गैर माता पूजन में दूर-दूर से आए मेहमानों और आसपास के ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना के साथ ही भोजन-प्रसादी का आनंद लिया। घर-घर पर महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाए गए। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने अपने सिर पर सिगड़ी रखी थी और ढोल, बाजे व डीजे के साथ झूमते-गाते शीतला माता के



मंदिर पहुंचे, जहां पर गांव के पटेल सिद्धनाथ कुमावत ने पूजन किया। उसके बाद सभी समाज के लोगों ने एक-एक कर पूजा-अर्चना की।

# संभाग आयुक्त ने प्रभारी नायब तहसीलदार कन्नौद को किया निलंबित

**देवास।** संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रभारी नायब तहसीलदार कन्नौद मनीष बिरथरे को बिना किसी सूचना/अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला देवास रहेगा तथा निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कार्रवाई कलेक्टर के प्रस्ताव के आधार पर की गई है। आदेश में उल्लेख है कि प्रभारी नायब तहसीलदार तहसील कन्नौद मनीष बिरथरे कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद में 8 अप्रैल को उपस्थिति देने के पश्चात आज दिनांक तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए है। निरंतर अनाधिकृत अनुपस्थित रहने से राजस्व के न्यायालयीन कार्य तथा महत्वपूर्ण कार्यपालिक कार्य प्रभावित हो रहे है। अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में इन्हें पूर्व में अवगत कराये जाने उपरांत भी इनके द्वारा अपनी कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं लाया गया।

# भाजपा नेता के पास से पकड़ाई 54 लीटर शराब, धारा 34-2 के तहत मुकदमा दर्ज

**देवास।** शहर में लगातार अवैध शराब कारोबार बढ़ता जा रहा है और अवैध शराब के कारोबारी बेखौफ होकर न सिर्फ शराब बेच रहे है, बल्कि आसपास के इलाकों में शराब की तस्करी भी कर रहे है। ऐसे ही शराब की तस्करी कर रहे भाजपा



नेता को पुलिस ने 54 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल उर्फ टोनी बाबू पिता करण सिंह ठाकुर निवासी नवदुर्गा नगर देवास 2 झोले में 54 लीटर देशी शराब भरकर ले जा रहा था, तभी उसे शिवशक्ति ग्राउंड पर कोतवाली पुलिस ने धरदबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से 54 लीटर शराब जब्त की है। बताया जा रहा है कि टोनी बाबा के खिलाफ पूर्व में भी 15 से अधिक मुकदमे दर्ज हो चुके है और वह आदतन अपराधी है और पिछले कुछ दिनों से भाजपा की नेतागिरी कर रहा है। टोनी बाबा के अवैध कारोबार को लेकर पिछले दिनों जवाहर नगर के पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा ने भी पुलिस व प्रशासन को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने टोनी बाबा के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है।

# लापरवाही बरतने पर एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

**देवास।** एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा ने ग्राम छापरी तहसील देवास में पदस्थ पटवारी शैलेन्द्र साहू को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर मध्य प्रदेश सिविल सेवाएं (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय टप्पा बरोठा तहसील देवास में रहेगा तथा निलंबन काल में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी।

# नारी सम्मान की आवाज अब दबेगी नहीं : चौधरी

**खातेगांव।** कांग्रेस एवं विपक्षी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न होने देने के विरोध में खातेगांव भाजपा मंडल द्वारा गत दिवस महिला आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष ललित गुर्जर एवं नप अध्यक्ष सारिका चौधरी के नेतृत्व में आयोजित यह मार्च इंद्रप्रस्थ गार्डन से प्रारंभ होकर बस स्टैंड पर समाप्त हुआ। मार्च में महिलाओं द्वारा जोरदार नारेबाजी की गई। इस अवसर पर नप अध्यक्ष सारिका चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने सोची समझी साजिश के तहत लोकसभा-विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत




आरक्षण देने वाला बिल पारित नहीं होने दिया। यह करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात है। वहीं पार्षद श्रीमती सावित्री यादव ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को महिला बिल का विरोध करने पर खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अब देश की नारी शक्ति सजग है, सक्रिय है और सफलता के साथ आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर शालिनी खंडेलवाल, लक्ष्मी गिरी, वीरेंद्र सिंह राजावत, डॉ. आर.एन. यादव, नरेंद्र चौधरी, पंकज पटेल, बलराम थोरी, सूरज यादव, राजपाल टाडा, संतोष जोशी आदि उपस्थित थे।

# भोपाल में दीप्ति तोमर को मिला उदिता सम्मान




**खातेगांव।** भोपाल में पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में खातेगांव नगर की बेटी कु. दीप्ति रायसिंह तोमर को आदिवासी महिलाओं एवं बेटियों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'उदिता सम्मान' प्रदान किया गया। दीप्ति पिछले चार वर्षों से मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं और बेटियों के लिए शिक्षा, जागरूकता, आजीविका एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही हैं। वर्तमान में वे केशव श्रृष्टि ग्राम विकास योजना मुंबई में प्रोजेक्ट मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे यूनिसेफ के प्रोजेक्ट के अंतर्गत मध्यप्रदेश का नेतृत्व करते हुए मां नर्मदा संरक्षण एवं जन जागरुकता के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

# गायत्री परिवार का 'गृह-गृह यज्ञ' अभियान आज

**सोनकच्छ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 1 मई को 'गृह-गृह यज्ञ' अभियान आयोजित किया जा रहा है। परिवार के प्रबंधक ट्रस्टी रमेशचंद मेहता एवं सहायक ट्रस्टी रवींद्र नायक ने बताया कि प्रातः 9 से 12 बजे तक विश्व कल्याण, आसुरी शक्तियों के विनाश, सकारात्मक वातावरण एवं पर्यावरण शुद्धि की कामना के लिए यह अभियान चलाया जाएगा। गायत्री परिजनों एवं आमजन से आह्वान किया गया है कि वे अपने घरों में गायत्री माता या इष्टदेव का फोटो चौकी पर रखकर कलश एवं दीपक स्थापित करें। धूप-पात्र, हवन कुंड या सिगड़ी में समिधा जमाकर गायत्री मंत्र से पूजन व अग्नि स्थापित करें। 24 आहुति गायत्री महामंत्र से तथा 5 आहुति विश्व कल्याण हेतु महामृत्युंजय मंत्र से प्रदान करें। गोल सुपारी लेकर पूर्णाहुति व आरती करें। संरक्षक सौभागसिंह ठाकुर आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# सड़क दुर्घटना मामले में पूर्व सरपंच को किया गिरफ्तार

**सोनकच्छ।** मंगलवार रात अज्ञात वाहन ने पत्रकार अंकित जाजू के पिता व सेवानिवृत्त कर्मचारी नरेंद्र कुमार जाजू को टक्कर मार दी थी। मामले में बुधवार रात्रि पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए वाहन क्रमांक एमपी 09 टीए 2598 के चालक रमेश पिता गोरेलाल गोस्वामी उर्फ रमेश महाराज निवासी ग्राम सांवेर के विरुद्ध




विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसका वाहन भी जब्त कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी ग्राम पंचायत सांवेर का पूर्व सरपंच होकर वर्तमान में सरपंच पति है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, लेकिन थाना प्रभारी अजय गुर्जर और उनकी टीम ने अथक मेहनत से आरोपी तक पहुंचने में सफलता पाई। इस कार्य में देवास पुलिस अधिकारियों का भी सराहनीय सहयोग मिला। मीडिया के साथियों ने पुलिस की इस त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही के लिए धन्यवाद दिया है। पुलिस द्वारा की गई मेहनत और संवेदनशीलता ने आम जनता का विश्वास जीता है। पीड़ित परिवार ने भी पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# कुश्ती प्रतियोगिता में हुई थी मारपीट, दूसरी रिपोर्ट दर्ज

## आयोजकों पर लगाया धोखाधड़ी व इनाम नहीं देने का आरोप

**देवास।** गत 26 अप्रैल की रात 11 बजे एलएनबी क्लब में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान हुए विवाद के बाद आयोजकों व उनके समर्थकों ने इंदौर से आए पहलवानों व उनके साथियों की जमकर पिटाई कर दी थी। इस मारपीट के दौरान पहलवानों ने वहां रखी कुर्सियों को भी फेंका था, जिससे इंदौर के कुछ पहलवानों को गंभीर चोट आई थी। इस मामले में पूर्व में आयुष ठाकुर निवासी इंदौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी और गुरुवार को इंदौर से आए जतीन पाठक ने श्रीकांत खरे, तिलकराज, आकाश सांगते, आनंद, सूरज व अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 111 (2), 296 (बी), 3 (5) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जतीन ने आरोप लगाया कि कुश्ती प्रतियोगिता के संरक्षक रवि जैन और आयोजक आकाश सांगते थे। प्रतियोगिता के दौरान आयोजकों द्वारा धोखाधड़ी की गई और 31 किलो के पहलवान के साथ 40 किलो के पहलवान को लड़ाया। वहीं 40 वाले को 55 किलो से लड़ाया। वहीं विजेताओं को इनाम तक नहीं दिए गए। आयोजकों द्वारा खुलेआम धोखाधड़ी की गई है और हमारे साथ मारपीट भी की गई। इस बात को लेकर हम थाने पर आए है और रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# नट बाबा मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

**खातेगांव।** खातेगांव तहसील परिसर में स्थित प्राचीन नट बाबा मंदिर का अब जीर्णोद्धार किया गया है। मंदिर को पूर्ण रूप से नवनिर्मित, सुसज्जित कर नट बाबा के साथ ही भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमा भी विराजित की गई है। मंदिर निर्माण समिति से जुड़े प्रमुख रवि शर्मा ने बताया कि पिछले 9 माह से मंदिर का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया गया। जीर्णोद्धार के पश्चात तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान किया गया, जिसके तहत कलश यात्रा निकाली गई।